चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 9-10-23 | -- | -- |

**The Tribune**

# Vice-Prez exhorts farmers to go hi-tech

## Asks them to take advantage of government subsidies to increase farm production

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, OCTOBER 8

Vice-President Jagdeep Dhankhar said since the farmers played a pivotal role in the country's economy, they should adopt latest technologies and innovations, which will fetch them better financial returns.

Addressing a gathering of farmers at a Krishi Mela organised jointly by the Haryana Agriculture Department and the Chaudhary Charan Singh Haryana Agriculture University here today, the Vice-President said India would celebrate the centenary of its Independence in 2047 when the farmers would bring about a change. "Only then, India will become the number 1 country in the world. To make this happen, the farmers should ensure value addition in agricultural products through trading of agricultural products".



Vice-President Jagdeep Dhankhar attends Krishi Mela at the HAU in Hisar on Sunday. TRIBUNE PHOTO

Dhankhar said now, people were leaving their jobs in the government and private companies and trying their hands at agriculture-related business and becoming successful. He said the farmers should take advantage of the schemes being run by the government in this regard and increase their income.

The Vice-President urged the farmers to adopt new technological advancements and innovations taking place in the field of agriculture. He said the farmers should take advantage of the subsidies and discounts being offered to them by the government for agricultural equipment, which would help in increasing their production.

At the three-day Krishi Mela: Agricultural Development Fair-2023, Agriculture Minister JP Dalal and Urban Local Bodies Minister Kamal Gupta, Rajya Sabha MP General DP Vats and Haryana State Agricultural Marketing Board Chairman Aditya Devi Lal along with Principal Secretary, Agriculture and Farmers Welfare Department, Haryana, Vijayendra Kumar and Vic Chancellor Prof BR Kamb were present.

The Vice-President al praised the players, especia ly Haryana sportspersons, f their performance in th Asian Games. "Players fro Haryana have won one-thir of the medals, which is huge achievement.

### VIP SECURITY HASSLE FOR PARTICIPANTS

- Farmers who arrived at the Krishi Mela had to face inconvenience due to strict police arrangements on account of the visit of Vice-President Jagdeep Dhankar at the HAU in Sunday
- A number of farmers complained that they were left waiting outside the mela premises for hours as the police restricted their entry
- However, the farmers who were sitting inside the hall complained that there was no arrangement of potable water and had to stay indoors without it for nearly two hours

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 9-10-23 | -- | -- |

# THE TIMES OF INDIA

INDIA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER

## Dhankar advises farmers to start business of agricultural products

Kumar Mukesh | TNN

**Hisar:** After inaugurating the three-day agricultural development fair at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University on Sunday, vice-president Jagdeep Dhankhar called upon the farmers to start a "trade related to agricultural products, along with farming." "It should start from Haryana itself because the milk, curd and ghee here is amazing. The result has also been seen in the Asian Games," Dhankhar said.

"The farmers, soldiers and players here are famous all over the country. For the first time in the recently held Asian Games, India has won a century of medals and one third of these medals are from Haryana. It is a big thing. It would be very good if the sons and daughters of farmers get involved in the marketing of agricultural products. Apart from this, it is also very important to adopt technology," Dhankar said.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 9-10-23 | 1 | 2-4 |


## एचएयू में तीन दिवसीय कृषि मेले का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

# प्रदेश में 27 हजार एकड़ लवणीय भूमि को कृषि योग्य बनाया: जेपी

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा प्रदेश में 27 हजार एकड़ लवण प्रभावित भूमि को खेती योग्य बनाया गया है। जल संरक्षण के लिए खेती में टपका सिंचाई व फव्वारा सिंचाई को बढ़ावा देकर उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कदम बढ़ाया गया है। जिसके लिए प्रदेश सरकार किसानों को 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। यह बात कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने हकृवि कृषि मेले को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 830 करोड़ रुपये भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत किसानों को आवंटित किए गए हैं। पशुपालन विभाग द्वारा भी किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन प्रयासों से हरियाणा प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है।

कृषि मेला में 350 से ज्यादा स्टालें लगाई गई हैं। जिनमें खाद, बीज से लेकर ड्रेसिंग की जानकारियां दी गईं। अलग-अलग विभागों की स्टालें भी लगाई गईं। एचएयू के अलावा सूचना के विभिन्न विभागों, मार्केटिंग बोर्ड, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग और मार्केटिंग बोर्ड की स्टालें लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारियां दी।



हिसार। एचएयू में कृषि विकास मेले में पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ को फसल दिखाते हुए। उपराष्ट्रपति ने मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य चौटाला, कृषि विभाग के प्रधान सचिव विजेंद्र कुमार, हकृवि वीसी प्रोफेसर बीआर काम्बोज भी मौजूद रहे।

### कृषि मेले में आज त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव कुमार देव होंगे

एचएयू में आयोजित कृषि विकास मेले में लगी स्टॉलों पर किसान खरीदारी कर सकेंगे। मेले में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद बिप्लव कुमार देव बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह, हरियाणा विस के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा मौजूद रहेंगे। प्रदेश श्रममंत्री अनूप धानक, आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई, हांसी के विधायक विनोद भयाना किसानों से संवाद करेंगे।

## हरियाणा सरकार 14 फसलों पर दे रही एमएसपी : प्रधान सचिव



हिसार। हकृवि कृषि मेले में धान की फसल लेकर पहुंचे किसान राजेंद्र, उनकी धान को प्रथम पुरस्कार मिला।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के प्रधान सचिव विजेंद्र कुमार ने कहा इस मेले में विशेष तौर पर किसानों को ड्रोन, प्राकृतिक खेती व मिलेट्स फसलों के उत्पादन से जुड़ी तकनीक के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए उठाए कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश में 14 फसलों पर एमएसपी दिया जा रहा है। प्रदेश ने स्मार्ट एग्रीकल्चर की ओर कदम बढ़ाया है और साथ ही किसानों को ड्रोन पायलट ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने बताया प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा यह संख्या जो पूर्व में 15 हजार थी, पिछले साल घटकर 3 हजार रह गई है। इस साल इसमें और गिरावट आने की संभावना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-10-22 | 2 | 1-5 |

**कृषि मेला** • प्रगतिशील किसानों को जगदीप ने दिल्ली बुलाया, कहा-मेले के बजाय दिल्ली में करेंगे सम्मानित

# हरियाणा के दूध और घी में कुछ खास बात है, तुम वो कर देते हो, जो कोई कोनी कर पावै: उपराष्ट्रपति धनखड़

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा के दूध, घी और भोजन में कुछ बात है, तुम वो कर देते हो जो कोई कोनी कर पावै। यह बात उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेला में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने ठेठ हरियाणवी बोली में अभिवादन किया। उन्होंने मंच पर बैठे वीसीआईसी से पहले जिन किसानों को सम्मानित करना था, उन सभी 22 के नाम लिए। उन्होंने कहा कि वह इन सभी को अपने उपराष्ट्रपति भवन में ही, इसके लिए सभी को एक माह में दिल्ली आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि शेड्यूल बदला है। वे सभी किसानों के साथ बैठकर भोजन करेंगे और उनसे जानेंगे कि किस तरह से खेती को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा किसान मेहनतशील है। यह जवान, वैज्ञानिक, अधिकारी व खिलाड़ी भी पैदा करता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को जवान, किसान व खिलाड़ी तीनों देने में हरियाणा सबसे आगे है। प्रतिस्पर्धा खेलों में हमारे खिलाड़ी सौ से ज्यादा मेडल जीते हैं। इनमें एक तिहाई हरियाणा से हैं। देश 2047 तक विश्व में पहले स्थान पर होगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वो 24 कैरेट गोल्ड थे। उनका दिल व दिमाग किसान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि मैंने मेले से न्याय नहीं किया, पूरा मेला देखने को दो दिन चाहिए। अगली बार पूरे दिन का शेड्यूल बनाकर आऊंगा।

**खेती में आया बदलाव, युवा छोड़ रहे आईआईटी व आईआईएम के करोड़ों के पैकेज**



हिसार। उपराष्ट्रपति खुद को नगाड़ा बजाने से नहीं रोक पाए।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज खेती में बदलाव आया है, युवा आईआईटी और आईआईएम के करोड़ों रुपए के पैकेज और सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे रहे हैं। इस्तीफा देकर वे दूध का व्यापार, मशरूम की खेती जैसा काम कर रहे हैं। अब गेंद किसान के पाले में है, आपके टाबर इसको आगे बढ़ाएंगे। हमारे खेत में सरसों होती है, लेकिन टाबर टिकर इसमें तेल बनाने का काम कोनी करें। पढ़े लिखे बच्चे जब यह काम करेंगे, फसल में वेल्यू एड करेंगे तो इनकम डबल हो जाएगी। हमें एक जगह नहीं रुकना, लगातार आगे बढ़ते जाना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सच कहूं | 9-10-23 | 5 | 2-5 |


# ... और जब कृषि मेले में उपराष्ट्रपति ने बजाया बाजा





हिसार। हरियाणवी किसान मेले के दौरान ढोल बजाते व कृषि संबंधी मशीनों का निरीक्षण करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

## ■ शाही हरियाणवी अंदाज में हुआ स्वागत

सच कहूं/संदीप सिंहमार

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के तत्वावधान में हकृवि कैंपस में आयोजित हरियाणा कृषि विकास मेले में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे देश के उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़ ने मेले में पहुंचकर अपना बचपन ताजा किया। इस दौरान जहां उन्होंने हरियाणवी साज-बाज बजा कर जमकर आनंद लिया तो वहीं बाजा बजाते हुए जब उनका स्वागत किया गया तो उनसे रुका नहीं गया। उन्होंने खुद अपने गले में बाजा लटका कर ढोल की थाप से थाप मिलाने की भरपूर कोशिश की। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अंदाज उपस्थित लोगों का मन मोह गया। उन्होंने अपना पुराना प्रोटोकॉल तोड़ते हुए मेले में लगाई गई सभी स्टालों का निरीक्षण करते हुए ई-रिक्शा में बैठकर मेला स्थल का निरीक्षण भी किया। उपराष्ट्रपति ने हरियाणवी साज-बाज चिमटा, ढफली व खड़ताल बजाकर भी जमकर आनंद लूटा।

याद रहे कि हाल ही में जब उनका राजस्थान दौरा हुआ था तो वह दौरा भी सुर्खियों में रहा था, क्योंकि वहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान पहुंचकर सबसे पहले अपने बचपन के गुरु के पांव छूकर सबका दिल जीता था। उनका यही अंदाज हिसार में दिखाई दिया। उन्होंने ठेठ इसी अंदाज में किसानों के साथ मिलकर मेले में अपनी रुचि दिखाई। इस मौके पर हरियाणा के कृषि एवं विकास मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कृषि मेले में पहुंचने पर उपराष्ट्रपति का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया तो हरियाणवी परिधान दामन व कुर्ता पहने छात्राओं ने भी उनके मस्तक पर तिलक लगाकर हरियाणवी अंदाज में जोरदार स्वागत किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9-10-23 | 5 | 1-6 |

# किसान बदलाव लाएंगे तो भारत 2047 में आजादी की शताब्दी का जश्न मनाएगा : उप-राष्ट्रपति धनखड़

- कहा -अब समय आ गया है जब हमें कृषि उत्पादों के व्यापार में भी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करनी होगी
- कृषि मेले में जो कुछ मैंने देखा, वह बदलते भारत की तस्वीर



हकृवि में आयोजित 3 दिवसीय कृषि विकास मेला-2023 का उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, साथ हैं कृषि मंत्री जे.पी.दलाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा.कमल गुप्ता व अन्य अतिथिगण।

हिसार, 8 अक्तूबर (राठी): उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है। उन्हें कृषि की नवीनतम प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को अपनाकर व्यक्तिगत लाभ के साथ देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाना चाहिए। उपराष्ट्रपति आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 3 दिवसीय कृषि विकास मेला-2023 के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि किसानों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके उनके साथ उनकी पत्नी डा. सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं, जबकि सम्माननीय अतिथियों में कृषि मंत्री जे.पी. दलाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद जनरल डी.पी. वत्स, हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के अध्यक्ष आदित्य देवी लाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे। हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने मेले में सभी का अभिनंदन किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने कृषि सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों को कहा कि यदि आप बदलाव लाएंगे, तभी हमारा देश 2047 में जब अपनी आजादी की शताब्दी का जश्न मनाएगा। तभी भारत विश्व का नंबर-1 देश बनेगा। इसके लिए किसान कृषि उत्पादों के व्यापार द्वारा मूल्य वृद्धि करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसान फसलों को उत्पादों में परिवर्तित कर इनकी मूल्य वृद्धि द्वारा अपनी तरक्की सुनिश्चित करें।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज लोग सरकारी व निजी कंपनियों से नौकरी छोड़कर कृषि से संबंधित व्यापार कर रहे हैं, जोकि बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जो उत्पाद किसान पैदा कर रहे हैं उनको बाजार में स्वयं बेचें। उन्होंने कहा किसान सरकार द्वारा इस संबंध में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी आय को बढ़ाएं। उपराष्ट्रपति ने कृषि के क्षेत्र में हो रही नई तकनीकी उन्नति और नवाचारों को अपनाने के लिए किसानों से आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रों पर सरकार जो छूट दे रही है किसान उसका लाभ उठाएं। वे सरकार द्वारा नए ट्रैक्टर पर दी जा रही सब्सिडी का भी लाभ उठाएं और अपनी पैदावार बढ़ाएं। उपराष्ट्रपति ने एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक तिहाई पदक अपने नाम किए हैं, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के यू.पी. दशों में अनोखी शक्ति है, क्योंकि जो काम हरियाणा के खिलाड़ियों ने करके दिखाया है वह कोई और नहीं कर पाया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पहली बार एशियाई खेलों में 100 से अधिक पदक प्राप्त करने में सफल रहा है।

## हरियाणा एकमात्र प्रदेश जहां सरकार 14 फसलों पर दे रही एम.एस.पी. : प्रधान सचिव

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार ने कहा कि इस मेले में विशेष तौर पर किसानों को ड्रोन, प्राकृतिक खेती व मिलेट फसलों के उत्पादन से जुड़ी तकनीक के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने किसान कल्याण के लिए उठाए कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश में 14 फसलों पर एम.एस.पी. दिया जा रहा है। प्रदेश ने स्मार्ट एग्रीकल्चर की ओर कदम बढ़ाया है और साथ ही किसानों को ड्रोन पायलट ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसके अंतर्गत करनाल में स्थापित ड्रोन ट्रेनिंग सैंटर से किसानों का एक बैच ट्रेनिंग भी ले चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में बहुत गिरावट आई है। यह संख्या जो पूर्व में 15 हजार थी, पिछले साल घटकर 3 हजार रह गई है। इस साल इसमें और गिरावट आने की संभावना है।

## हरियाणा सरकार किसानों के प्रति समर्पित : कृषि मंत्री

कृषि मंत्री जे.पी. दलाल ने बताया कि हरियाणा में किसान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत किस्मों व प्रौद्योगिकियों तथा कृषि विभाग की बेहतर योजनाओं से न सिर्फ फसल उत्पादन में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि पशुपालन, मछली पालन, सब्जी, मशरूम व मधुमक्खी पालन में भी बेहतरीन कार्य कर अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने मेले में उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाने, श्रीअन्न फसलों को बढ़ावा देने, कृषि में जल संरक्षण की तकनीकों को शामिल करने, फसल उत्पादन के साथ अन्य कृषि संबंधित व्यवसायों को बढ़ावा देने के साथ कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़-चढ़कर अपनाएं, ताकि कृषि फायदेमंद व्यवसाय बन सके। कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के प्रति समर्पित है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर तरह के प्रयास किए गए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9-10-22 | 3 | 1-4 |

# किसान खेती करने के साथ व्यापारी भी बनें : उपराष्ट्रपति

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कृषि विकास मेले में पहुंचे जगदीप धनखड़

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में तीन दिवसीय कृषि विकास मेले का रविवार को शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि किसान खेती करने के साथ-साथ व्यापारी भी बनें। इससे किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी और खेती किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित होगी। उन्होंने कहा कि मेले में सम्मानित होने वाले सभी प्रगतिशील किसानों को उप राष्ट्रपति निवास पर बुलाकर सम्मानित करेंगे।

उपराष्ट्रपति ने अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि राम-राम सा, आठे आके मन राजी होग्या। कहा, आप सभी को यह अवॉर्ड उपराष्ट्रपति निवास पर दूंगा। मेरा आप सभी को निमंत्रण है। मैंने यह बदलाव किया है। आप वहां पर आएंगे और लोगों को मोटिवेट करेंगे। मैं कृषि मंत्री से कहूंगा कि यह काम जल्दी से जल्दी करें और एक माह में निश्चित करें। साथ में भोजन करेंगे तब मैं पता लगाऊंगा कि हरियाणा के दूध, दही व घी में इसी के बात है कि जो कर बैठो हो कि दुनिया में कोई कोनी कर पावै। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स हो हरियाणा का डंका बज रहा है। पूरे देश में सबसे ज्यादा मेडल लाए हैं। देश ने पहली बार पदकों की सेंचुरी लगाई है, जिसमें एक तिहाई पदक हरियाणा के खिलाड़ियों के हैं। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पशुओं के लिए वैन चलाएंगे। पशुपालकों के लिए एक कॉल सेंटर बनाया जाएगा। एक हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके पशुपालक पशुपालन संबंधी हर सहायता ले सकेंगे।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा कृषि विकास मेले में लगी स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। संवाद

### उपराष्ट्रपति ने इन किसानों को किया सम्मानित

हिसार : जयकिशन, सुरेंद्र, नरेश।
सिरसा : सुशील, जितेंद्र, मनप्रीत कौर।
चरखी दादरी : नरेश, अनिल, महेंद्र।
फतेहाबाद : बलदेव।
भिवानी : सुंदर, सोमबीर, संदीप, अनीता।
महेंद्रगढ़ : जयपाल।
जींद : बलबीर।
करनाल : लाभ।
अंबाला : रीना देवी।
पंचकूला : अमन।
करनाल : कृष्णलाल।
कुरुक्षेत्र : संजीव।
रोहतक : अमित।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 9-10-23 | 2 | 1-3 |

हकृवि में कृषि विकास मेले के उद्घाटन पर बोले उपराष्ट्रपति

# कृषि के साथ इसके उत्पादों का भी व्यापार करें किसान

कुमार मुकेश/हप्र
हिसार, 8 अक्तूबर



हिसार में रविवार को कृषि विकास मेले के उद्घाटन के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं उनकी पत्नी का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को शुरू हुए तीन दिवसीय कृषि विकास मेले का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को कृषि के साथ कृषि उत्पादों से जुड़े व्यापार को शुरू करने का आह्वान किया और कहा कि इसकी शुरुआत हरियाणा से ही हो सकती है, क्योंकि यहां के दूध, दही और घी में कमाल है। यह कमाल एशियन गेम्स में भी देखने को मिला है।

■ धनखड़ बोले- किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं

इससे पहले उन्होंने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, कृषि मंत्री जेपी दलाल, राज्य सभा सांसद जनरल डीपी वत्स, डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य चौटाला, विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के बेटा-बेटी कृषि उत्पादों की मार्केटिंग में आ जाएंगे तो बहुत बढ़िया हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि आप बदलाव लाएंगे तो आप बदलाव का केंद्र बनेंगे और बदलाव को आगे बढ़ाएंगे तो भारत 2047 में जब अपनी आजादी की शताब्दी का जश्न मनाएगा, तब हमारा देश विश्व में नंबर एक पर होगा। पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रगतिशील किसानों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं आपको बधाई देता हूं और मैं आपको ये पुरस्कार उपराष्ट्रपति निवास में प्रदान करूंगा तथा आपके साथ भोजन भी करूंगा। इसके लिए कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल की ड्यूटी लगाई और कहा कि एक माह के अंदर यह व्यवस्था करो ताकि इन किसानों के साथ समय बीताकर वे हरियाणा के दूध, दही व घी का राज जान सकें। उनको किसानों से बातचीत करके यह जानना है कि यहां के दूध, दही व घी में ऐसा क्या है कि यहां के किसान, जवान और खिलाड़ी सभी अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि किसान उनके लिए पूजनीय हैं क्योंकि यह हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। आज किसानों की बदौलत हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं।

## हरियाणा की गोवा में मार्केटिंग

उपराष्ट्रपति ने मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवी लाल चौटाला की तारीफ करते हुए कहा कि यह देखने में तो बच्चा लगता है, लेकिन इसकी सोच बहुत बड़ी है। उपराष्ट्रपति निवास में आकर उनसे मुलाकात की और बताया कि वे हरियाणा के टीनू को गोवा में बेचने के लिए वहां संपर्क साध रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग के मामले में यह बहुत बड़ा काम है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 9-10-23 | 5 | 1-4 |


# किसान बदलाव लाएंगे तभी भारत 2047 में आजादी की शताब्दी का जश्न मनाएगा : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

## अब समय आ गया है जब हमें कृषि उत्पादों के व्यापार में भी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करनी होगी





हकृवि में आयोजित तीन दिवसीय कृषि विकास मेला-2023 में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पौधरोपण करते हुए तथा (दाएं) कृषि विकास मेला-2023 में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ स्टालों का अवलोकन करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| गुड़गांव मेल | 09.10.2023 | -- | -- |

## किसान बदलाव लाएंगे तभी भारत 2047 में आजादी की शताब्दी का जश्न मनाएगा : जगदीप धनख





# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 08.10.2023 | -- | -- |

# कृषि मेले में जो कुछ मैंने देखा, वो बदलते भारत की तस्वीर : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

[illegible]



[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 08.10.2023 | -- | -- |

## उपराष्ट्रपति ने किया कृषि मेले का शुभारंभ

# अब समय आ गया है जब हमें कृषि उत्पादों के व्यापार में भी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करनी होगी : उपराष्ट्रपति



विभिन्न स्टॉल पर जानकारी लेते हुए किसान



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 08.10.2023 | -- | -- |

## हिसार में कृषि मेले का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 9-10-22 | 5 | 2-5 |

चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कृषि मेले में पहुंचे जगदीप धनखड़

# उप राष्ट्रपति ने 22 प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित



■ बोले, किसान खेती करने के साथ-साथ व्यापारी भी बनें

[illegible]

## जब टूरिंग कार से उतर हाईटेक ट्रैक्टर पर बैठे

[illegible]

## पशुपालकों के लिए शुरू किया हैल्पलाइन नंबर

[illegible]

## इन किसानों को किया सम्मानित

[illegible]

## धुंकावाली का किसान जितेन्द्र हुआ सम्मानित



20 एकड़ में बागवानी कर उठाई अच्छी पैदावार

[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9-10-23 | 1 | 2-8 |

**3 दिवसीय कृषि मेले के अध्यक्षीय भाषण में हकृवि कुलपति ने कहा-**

## श्रीअन्न को बढ़ावा देने से किसान समृद्ध होगा व लोगों का स्वास्थ्य सुधरेगा : प्रो. काम्बोज

हिसार, 8 अक्तूबर (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित 3 दिवसीय कृषि विकास मेला-2023 में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय किसानों की प्रगति के लिए निरंतर [illegible] 284 उन्नत किस्में विकसित करके किसानों को दी हैं। इनमें से 60 किस्में पेटेंट हो चुकी हैं।

उन्होंने हरियाणा प्रदेश में [illegible]

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा [illegible] की स्थापना की गई है।





हकृवि में आयोजित 3 दिवसीय कृषि किसान मेला-2023 में पौधरोपण करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

कलाकारों के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।



स्टाल पर प्रदर्शित मेले का अवलोकन करते उपराष्ट्रपति।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रगतिशील किसानों के साथ।



मेले में पहुंचे किसान।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9-10-23 | 5 | 6-8 |

## कृषि विकास मेला में भारतीय संस्कृति के दर्शन

जागरण संवाददाता, हिसार : देश की संस्कृति को किसानों को जानने का मौका मिला। कृषि विकास मेला-2023 में विरासत की तरफ से उत्तर से दक्षिण की ऐतिहासिक चीजों से लेकर पुराने जमाने में सामान को तोलने में प्रयोग होने वाले बाट, धड़ी तक देखने को मिली। यह पहली बार था जब यह प्रदर्शनी में किसानों के समक्ष थी। अंग्रेजों के समय से पहले देश की अलग-अलग रियासतों में इन बाट से ही सामान तोला जाता था। मेले में पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी धड़ा उठाकर देखा। साथ ही हुक्का, रेहडू सहित अनेक पुराने ऐतिहासिक चीजों की जानकारी ली।

इस प्रदर्शनी में 1886 में महाराजा डूंगरपुर के समय में प्रयोग होने वाले सामान को तोलने में प्रयोग होने वाली धड़ी को रखा गया है। इस धड़ी को संजोने के लिए टीम की तरफ से हरियाणा के अलावा राजस्थान में भी तलाश की। इसके साथ केरल, कर्नाटक में चावल को तोलने में प्रयोग होने वाली धड़ी रखी है।



कृषि मेले में लगी विरासत कृषि सांस्कृतिक प्रदर्शनी देखते लोग। • जागरण

### प्रदर्शनी में ऊंट की कूंचिया

प्रदर्शनी में ऊंट की कूंचिया के अलावा रेहडू, पानी खींचने के लिए डोल, ऊंट की पीढ़ी, गले में बांधे जाने वाली लकड़ी की घंटी, ऊंट को बांधने के लिए न्योल, हल, जेल, टांगली आदि सामान को दर्शाया गया है। किसान इनको देखकर काफी हैरान है। इतिहास को संजोने के साथ इनकी गाथा जानकर वह काफी प्रभावित दिखे। इसमें आगरा से लाया गया 10, 40 सेर का बाट भी था।

प्रदेश में लोगों को पुरानी संस्कृति से जुड़ाव हो। यह बाट, धड़ा सहित अनेक चीजें दिखाई गई हैं। उपराष्ट्रपति ने भी इनको देखा। प्रदर्शनी में तीन दिन तक किसान इनको देखने के साथ समझने का मौका मिलेगा।



डा. महासिंह पूनिया, निदेशक विरासत।








# चौधरी चरण सिंह 24 कैरेट गोल्ड थे, किसानों के लिए किया काम

## सभी की सोच काफी बेहतर, किसानों को होगा फायदा : उपराष्ट्रपति हरियाणा सरकार किसानों के प्रति समर्पित : कृषि मंत्री जेपी दलाल





### हरियाणा सरकार किसानों के प्रति समर्पित: कृषि मंत्री

### मौसम से तालमेल कर रहे : उपराष्ट्रपति धनखड़

### बीजान्न को बढ़ावा देने से किसान समृद्ध होगा : काम्बोज

### हरियाणा एकमात्र राज्य जहां 14 फसलों पर एमएसपी : विजयेंद्र

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 4-10-23 | 1 | 1-8 |

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जीता किसानों का दिल, कहा -

# 'राम-राम सा, आठे आके मन राजी होग्यो'

प्रगतिशील किसानों को दे गए उपराष्ट्रपति भवन का न्यौता, बोले - आपके संग बिताऊंगा समय, भवन में ही दूंगा अवार्ड

हाईटेक ट्रैक्टर पर चढ़े, भाषण में हरियाणा के दूध-दही का जिक्र कर बोले - अद्भुत ताकत है इसमें, एशियन गेम्स में दिखा इसका दम






किडनी
CREATININE
73504-73504

## किसानों की भारी संख्या में उमड़ी भीड़, बीज लेने को लगी लंबी लाइन




## उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम का खूब उठाया लुत्फ, कलाकारों के साथ जमकर झूमे, बजाया ढोल नगाड़ा





कलाकारों के साथ नगाड़ा व ढोल बजाते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।



my city
अमर उजाला
सोमवार 09.10.2023
हिसार
38.6°
22.6°





# जेपी दलाल, आदित्य देवीलाल चौटाला को मिला राजनीतिक आशीर्वाद



## सीएम से लेकर विधायक तक आएंगे